## संक्षिप्त

### स्वाधीनता दिवस समारोह आज

**टोंक।** स्वाधीनता दिवस का जिला स्तरीय समारोह शुक्रवार को पुलिस लाइन ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि जलदाय एवं भूजल मंत्री श्री कन्हैया लाल चौधरी ध्वजारोहण करेंगे। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि 15 अगस्त को सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि पुलिस लाइन ग्राउण्ड में ध्वजारोहण करेंगे। इसके बाद सलामी एवं राष्ट्रधुन, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, राज्यपाल महोदय का संदेश पठन, वीरांगनाओं का सम्मान, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक झलकियां, योगा ड्रिल, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। दोपहर 1:30 बजे पुलिस लाइन ग्राउण्ड में पब्लिक बनाम प्रशासन के मध्य क्रिकेट मैच खेला जाएगा।

### 'तिरंगा' यात्रा निकाली

**जहाजपुर।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर उपखंड प्रशासन की ओर से 14 अगस्त गुरुवार को राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी राजकेश मीना ने बताया कि यह यात्रा प्रातः 10:30 बजे चावंडिया चौराहा से शुरू होगी। जिसमें जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल पदाधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल होंगे। यात्रा का उद्देश्य एक ध्वज एक स्वर एक भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। प्रशासन ने सभी से समय पर उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने की अपील की है। यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति के गीतों, नारों और उत्साह से गूंजते माहौल में निकाली जाएगी, जिसमें हर हाथ में तिरंगा और हर दिल में मातृभूमि के प्रति प्रेम का जज़्बा होगा।

### कार्यशाला आयोजित

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा मोटर ट्रांसपोर्ट वर्क्स एक्ट 1961 के प्रावधानों की जिला स्तर पर समझाईश एवं जन जागरूकता हेतु आज ट्रांसपोर्ट नगर में जिला स्तरीय अधिकारियों एवं मोर्टर ट्रांसपोर्टस के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार मोटर वाहन अधिनियम की धारा 91 एवं मोर्टर ट्रांसपोर्ट वर्क्स एक्ट 1961 के प्रावधानों के अन्तर्गत व्यावसायिक वाहन चालकों द्वारा प्रतिदिन 8 घंटे एवं सप्ताह में 48 घंटे तक ही वाहन संचालन करने का प्रावधान है। साथ ही प्रत्येक मोटर ट्रांसपोर्ट अण्डर टेकिंग जिसमें 5 या अधिक मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर कार्यरत है का पंजीकरण श्रम विभाग से कराए जाने हेतु अधिकारियों द्वारा मोटर ट्रांसपोर्टस से एक्ट की समझाइश करते हुए पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये गए।

इस दौरान अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित कुमार गुप्ता, पुलिस उपाधीक्षक मुकेश चौधरी, श्रम कल्याण अधिकारी अरविन्द कुमार दीक्षित मौजूद रहे।

### गणेश चतुर्थी महोत्सव की तैयारी

**पावटा।** पावटा स्थित गणेश मंदिर परिसर में गणेश चतुर्थी महोत्सव को लेकर श्री विनायक कमेटी पावटा द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। 2002 से लगातार श्री विनायक कमेटी पावटा द्वारा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

समय के साथ महोत्सव का स्वरूप भी बढ़ता चला गया। इस वजह से कमेटी का विस्तार करनें के साथ कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। जिससे कि गणेश महोत्सव हर्षोल्लस पूर्वक मनाया जा सके। कमेटी के निर्णय के अनुसार गणेश चतुर्थी महोत्सव मनाने को लेकर कम समय में तैयारी पूर्ण करने पर जोर दिया गया। यह दो दिवसीय महोत्सव 26 व 27 अगस्त तक चलेगा।

जिसमें 26 अगस्त मंगलवार को मेहन्दी रस्म, पंचामृत अभिषेक व शोभायात्रा कार्यक्रम व 27 अगस्त बुधवार को दिल्ली के कलाकारों द्वारा गंगा आरती की थीम पर भगवान गणेश जी महाराज के भव्य दरबार की झाकी व महाआरती का आयोजन किया जायेगा।

वही महिलाएं घर से दीपक लाकर दीप प्रज्वलित कर सकती है। इसके लिए मंदिर के सामने ही टेबलो पर दीप प्रज्वलित कर सकती है। महोत्सव के अंतिम दिन 27 अगस्त बुधवार को गणेश जी महाराज के लगाए गए भोग के प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

इस मौके पर अजय गोयल, लाला पटेल, लोकेश टांक, आशीष शर्मा, बिहारी सोनी, रोहिताश गढवाल, नेहिल मंगल, मनीष सैन, सन्नी मोदी सहित श्री विनायक कमेटी पावटा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस जवानों ने रैली निकाली

**टोंक।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप 15 अगस्त तक जिलेभर में विभिन्न देशभक्ति आधारित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी के तहत गुरुवार को जिला मुख्यालय पर भव्य बाइक रैली का आयोजन

■ **हर घर तिरंगा अभियान उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को जन-जन तक पहुंचाना है**

किया गया। पुलिस लाइन से शुरू हुई बाइक रैली में पुलिस के जवानों ने भाग लिया।

इसके बाद पुलिस के जवानों ने तिरंगे के साथ सेल्फी ली। इस दौरान सीईओ परशुराम धानका, कोषाधिकारी हरीश लालावत, तहसीलदार मानवेंद्र सिंह समेत अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

डीएसपी राजेश विद्यार्थी ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही, इस अवसर पर हम देश के गौरवशाली इतिहास और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करें। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घरों पर तिरंगा फहराकर इस राष्ट्रीय उत्सव में भाग लें। हर घर तिरंगा की वेबसाइट पर जाकर वालंटियर बने।



**टोंक में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जवानों ने तिरंगा रैली निकाली।**

## दो कारों की भिड़न्त में युवक की मौत

**टोंक।** झिराना थाना क्षेत्र नानेर रोड के बीजवाड़ा मोड पर बुधवार शाम को दो कारों की भिड़न्त में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरी कार में सवार एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए, घायलों को जयपुर रैफर किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वही घायलों को पहले सआदत अस्पताल टोंक ले जाया गया, जहां से उन्हे जयपुर रैफर कर दिया।

घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि स्विफ्ट कार जो नानेर से झिराना की ओर जा रही थी तभी दूसरी कार सामने आ जाने से दोनों में आपस में जोरदार भिड़न्त हो गई, बाद में ग्रामीणों ने घायलों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। जहा झिराना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से कार सवार घायल मुकेश साहू उम्र 32 साल तथा दूसरी कार सवार घायल बादाम पत्नी गणेश जाट उम्र 31 साल, प्रहलाद पुत्र जगदीश उम्र 31 साल, व प्रहलाद पुत्र रामजीवन जाट उम्र 37 साल को घायल अवस्था में पीपलू सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचाया।

## देवधाम जोधपुरिया मेले की तैयारी

**टोंक।** देवधाम जोधपुरिया मेले की तैयारियों को लेकर गुरुवार को मंदिर परिसर के सभागार में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार मीना की अध्यक्षता में जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों तथा ट्रस्ट सदस्यों के साथ बैठक हुई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि पदयात्रा में लाखों श्रद्धालु श्री देवनारायण भगवान के दर्शनों के लिए आते है। पदयात्रियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। इसलिए सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित कार्यों में लापरवाही नहीं करें।

जिला कलेक्टर ने मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, परिवहन व्यवस्था को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, देवधाम की ओर जाने वाले सड़क मार्गों पर बारिश के कारण हुए गड्ढों में पेचवर्क कराने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया।

# सीएम भजन लाल शर्मा ने दिव्यांश को दिया सर्वश्रेष्ठ सरपंच अवार्ड

**जयपुर/जोधपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर मेहरानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय एट-होम समारोह में आवां (टोंक) सरपंच दिव्यांश एम.भारद्वाज को राज्य के सर्वश्रेष्ठ सरपंच का अवार्ड दिया। दिव्यांश राज्य के 41 जिलों की 11 हज़ार 341 पंचायतों में सम्मान पाने वाले एक मात्र सरपंच हैं।

स्विट्जरलैंड से एमबीए करके सरपंच बने दिव्यांश ने आवां में जो विकास कराया, वह राज्य में अव्वल हैं। आवां मॉडल को महाराष्ट्र अपना रहा हैं। आवां में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग एसी व इंटरनेट युक्त लाइब्रेरी, दो हैरिटेज श्मशान घाट, हैरिटेज पंचायत घर, बैंक्वेट हॉल युक्त मैरिज गार्डन और राजकलेश्वर तीर्थ पर ड्रेसिंग रूम युक्त घाट शायद ही देश के किसी गांव में हो।

■ **आवां के विकास कार्यों को सरकार ने माना सर्वश्रेष्ठ**

■ **आवां मॉडल को महाराष्ट्र अपना रहा हैं। आवां में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग एसी व इंटरनेट युक्त लाइब्रेरी, राजकलेश्वर तीर्थ पर ड्रेसिंग रूम युक्त घाट शायद ही देश के किसी गांव में हो।**

छात्रों को हवाई यात्रा और बालिका दिवस पर एक छात्रा को सरपंच बनाने जैसे अभूतपूर्व कार्यों के आधार पर ही दिव्यांश को यह सम्मान मिला।



**मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने एट-होम समारोह में आवां (टोंक) सरपंच दिव्यांश एम.भारद्वाज को सर्वश्रेष्ठ सरपंच का अवार्ड दिया।**

## छात्रों ने ली नशा-मुक्ति की शपथ

**बीकानेर, (कासं)।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर देशभक्ति, अनुशासन और जन-जागरूकता का अद्वितीय केन्द्र बन गया। यहां तिरंगा यात्रा और नशा-मुक्ति शपथ का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, पूर्व छात्र-छात्राओं और गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीकानेर टेक्निकल यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. अखिल रंजन गर्ग के संबोधन से हुआ। उन्होंने नशे के सामाजिक, मानसिक व शारीरिक दुष्प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए इसे जड़ से समाप्त करने का प्रखर आव्हान किया। सभी को धूम्रपान, गुटखा, शराब व किसी भी नशीले पदार्थ से दूर रहने की सामूहिक शपथ दिलाई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ तिरंगा यात्रा का जोशपूर्ण आगाज़ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओ.पी. जाखड़ के नेतृत्व में यात्रा पूरे परिसर में निकाली गई, जो मुख्य द्वार पर भारत माता की जय.., वंदे मातरम् और जय हिंद के गगनभेदी नारों के बीच सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी को 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया, जिससे देशभक्ति का संदेश घर-घर तक पहुंच सके। एनसीसी प्रभारी मेजर नरपत सिंह शेखावत के नेतृत्व में कैडेट्स ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिला जयपुर देहात उत्तर के विराटनगर शहर मण्डल की भव्य तिरंगा रैली

■ **मुख्य मार्गों से होती हुई विराटनगर बस स्टैंड बगीची पर रैली का हुआ समापन**

■ **रैली की शुरुआत विराटनगर पंचायत समिति से हुई, जहां सुबह से ही कार्यकर्ता व आमजन राष्ट्रीय ध्वज के साथ एकत्रित हो गए थे।**

**पावटा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आब्हान पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जिला जयपुर देहात उत्तर के विराटनगर शहर मण्डल की ओर से गुरुवार को एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ व जिलाध्यक्ष सुरेश बदलीवाल एवं मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने किया।

रैली की शुरुआत विराटनगर पंचायत समिति से हुई, जहां सुबह से ही कार्यकर्ता व आमजन राष्ट्रीय ध्वज के साथ एकत्रित हो गए थे। रैली में नगर मंडल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, युवा मोर्चा एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए रैली का वातावरण देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। वंदे मातरम्, भारत माता की जय और हर घर तिरंगा के उद्घोष से पूरे क्षेत्र में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होती रही। रैली मार्ग में कई स्थानों पर नागरिकों व व्यापारियों ने पुष्पवर्षा कर प्रतिभागियों का स्वागत किया।

तिरंगा रैली का समापन विराटनगर बस स्टैंड बगीची पर हुआ, जहां उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आ ान पर यह अभियान राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे देश की गरिमा, बलिदान और गौरव का प्रतीक है। वही उन्होंने कार्यकर्ताओं के जोश और जनसहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से राष्ट्र के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना और प्रबल होती है। उन्होंने हर नागरिक से आठाह किया कि 15 अगस्त के अवसर पर अपने घर, प्रतिष्ठान और वाहनों पर तिरंगा अवश्य फहराएं।

कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन तभी सफल होते हैं जब जनता का सहयोग और उत्साह मिलकर कार्य करे। रैली में अनुशासन, सौहार्द और देशभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला, जो नगरवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा।

इस मौके पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री श्री सुरेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश गिठाला, संजय माचेड़ी, मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि फूलचंद सैनी, अशोक सुरेलिया, सीमा सैनी, मंडल संयोजक विजय सैनी, सह संयोजक गजानंद मीणा, पवन शर्मा, रोहिताश सिंधु, रामरतन शर्मा, जगदीश दायमा, रामकरण छावड़ी, शिवराम गुर्जर, सुरेंद्र वशिष्ठ, बालसिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमराज सैनी, सत्यनारायण सैनी, रोमेश मिश्रा, महेंद्र सैनी, दीपेश चौबे, नंदकिशोर छिपा, सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि एवं आमजन सम्मिलित हुए।

## किशनगढ़बास खेल मैदान पर दो साल बाद मनाया जाएगा स्वतंत्रता-दिवस

**किशनगढ़ बास।** खैरथल तिजारा जिले के नाम बदले जाने व जिला मख्यालय के परिवर्तन के चलते विवाद के बीच किशनगढ़ बास के लोगों के लिए खुशखबरी की खबर आई है।वह है खैरथल तिजारा जिला बनाए जाने के बाद से जिला मुख्यालय पर मनाए जाने लगा किशनगढ़ बास का स्वतंत्रता दिवस फिर से 15 अगस्त को किशनगढ़ बास के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान पर मनाया जाएगा।

उपखंड मुख्यालय पर स्वतंत्रता-दिवस समारोह मनाए जाने की परंपरा को प्रशासन ने वापस शुरू कर दिया है। समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा। हालांकि किशनगढ़ बास के संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी के नेतृत्व में व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिक स्वतंत्रता-दिवस समारोह किशनगढ़ बास में मनाया जाए इसको लेकर जिला कलेक्टर से मिला था।

उपखंड अधिकारी मनीष जाटव ने बताया कि स्वतंत्रता-दिवस समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित किया जाएगा।

# भिवाड़ी से कजारिया तक 6 लेन रोड का होगा निर्माण : राजवर्धन सिंह राठौड़

**भिवाडी।** उद्योग एवं वाणिज्य, युवा मामले एवं खेल विभाग के कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौर ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य

■ **निर्माणाधीन खेल स्टेडियम का अवलोकन किया**

की ओर अठासर है, वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में राजस्थान औद्योगिक और निवेश क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

यह बात उन्होंने गुरुवार को जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, भिवाडी तथा लघु उद्योग भारती, भिवाडी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 19, 20 एवं 21 सितम्बर 2025 को भिवाडी में राष्ट्रीय स्तर का इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर (उद्योग मेला एवं प्रदर्शनी) का कर्टेन रेजर एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर, पथरेड़ी (भिवाडी) में उद्घाटन के अवसर पर कही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी द्वारा रखे प्रस्ताव पर भिवाड़ी से कजारिया तक लंबे चार-लेन मार्ग को छह-लेन में बदलने की घोषणा की ओर उन्होंने भिवाड़ी को इंडस्ट्रियल गेटवे टू राजस्थान बताते हुए कहा कि उम्मीद, दृढ संकल्प एवं अवसर से मिलकर ही उद्योग का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि भिवाड़ी और राजस्थान के औद्योगिक केंद्र प्रधानमंत्री मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' के सपनों को साकार कर रहे हैं। यह स्थानीय एमएस एम ई सेक्टर, स्टार्टअप्स और युवाओं के लिए रोजगार सृजन का बड़ा माध्यम बनेगा। इस अवसर तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भिवाड़ी क्षेत्र राजस्थान का ठोथ इंजन है यहां भिवाड़ी ने बीते कुछ वर्षों में जिस तेजी से विकास किया है, यह हमारे प्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय है। यहां स्थापित छोटे-बड़े उद्योगों ने हजारों-लाखों युवाओं को रोजगार दिया है।

भिवाड़ी औद्योगिक नगरी का विकास केवल उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समठा सामाजिक परिवर्तन की कहानी भी है। यहां आकर देश के कोने-कोने से लोग अपनी आजीविका कमा रहे हैं।

यह 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की सजीव झांकी है। उन्होंने कहा कि यह हम सबका दायित्व है कि इस औद्योगिक नगरी को केवल फैक्ट्रियों तक न देखें, बल्कि इसे युवा शक्ति, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रयोगशाला के रूप में विकसित करें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भिवाड़ी जैसी नगरी नई ऊर्जा दे रही है। भिवाड़ी का औद्योगिक भविष्य बहुत उज्ज्वल है। आने वाले वर्षों में यहां विश्व स्तरीय उद्योग, स्टार्टअप्स, और नई तकनीकें स्थापित होंगी। मेले में देशभर से लगभग 300 एमएसएमई इकाइयों के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही 100 वृहद उद्योग, कंपनियां और हस्तशिल्पी भी भाग लेंगे।



**भिवाड़ी उद्योग मेला व प्रदर्शनी का उद्घाटन उद्योग मंत्री राजवर्धन सिंह राठौड़ व तिजारा विधायक महंत योगी बालक नाथ ने किया।**

## सार-समाचार

### चोरी की वारदात का पर्दाफाश

**बौंली- बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे चोरी, नशाखोरी व अपराधियों के खिलाफ धर पकड़ अभियान के तहत बौंली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए विद्यालयों से चोरी के तीन आरोपियों को मात्र तीन दिवस में ही चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुए गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा चोरों का बौंली नगर में जुलूस निकाला, जिससे आमजन में विश्वास एवं अपराधियों में भय व्याप्त हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11 अगस्त 2025 को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बौंली के कार्यवाहक प्रधानाचार्य धर्मसिंह बैरवा ने मामला दर्ज कराते हुए अवगत कराया था कि 9 अगस्त रक्षाबंधन व 10 अगस्त रविवार को विद्यालयों का अवकाश होने के कारण 2 दिन में अज्ञात चोरों द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से एक इलेक्ट्रॉनिक स्पीकर व सहशाला विद्यालय से दो गैस सिलेंडर ले गए व अन्य सामानों को खुर्द बुर्द करके कर गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए हैड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कांस्टेबल मुकेश व शीशराम की तेज तर्रार टीम ने लगातार मुखबिर तंत्र व तकनीकी अनुसंधान सहायता से तीन आरोपी शौजीराम गुर्जर उम्र 23 वर्ष, मनीष रैगर उम्र 27 वर्ष व वसीम शाह उम्र 24 वर्ष तीनों निवासी बौंली को गिरफ्तार कर उनके घरों से प्रकरण में चोरी हुए दो गैस सिलेंडर व एक इलेक्ट्रॉनिक स्पीकर को बरामद किया है। पुलिस ने अभियोग संख्या 290/2025 धारा 331(4)305(ई) बीएनएस में दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया एवं एक दिवस का पुलिस रिमांड प्राप्त किया है। तीनों आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातें खुलने की संभावना है। बौंली थाना पुलिस ने नगर मुख्यालय पर चोरी के तीनों आरोपियों का जुलूस निकला, जिससे आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय व्याप्त हो गया।

### वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री स्वाधीनता दिवस मुख्य समारोह में करेंगे ध्वजारोहण

**अलवर।** स्थानीय इन्दिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण कर सलामी लेंगे। कार्यक्रमानुसार स्वाधीनता दिवस समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण-सलामी, प्रातः 9:05 बजे परेड का निरीक्षण एवं मार्च पास्ट, प्रातः 9.25 बजे महामहिम राज्यपाल के संदेश का पठन, प्रातः 9.35 बजे शहीदों की वीरांगनाओं का सम्मान, प्रातः 9:40 बजे प्रशस्ति पत्र वितरण, प्रातः 9.55 बजे मुख्य अतिथि महोदय का उद्बोधन, प्रातः 10.05 बजे सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, प्रातः 10.20 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा इसके पश्चात प्रातः 10.40 बजे राष्ट्रगान होगा।

### अलवर कांग्रेस कार्यालय पर झंडा रोहण करेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री सिंह

**अलवर।** भारत की आज़ादी की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर देश की आजादी मे स्वतंत्रता सेनानियों का बलिदान, सैनिकों की शहादत और कांग्रेस नेताओं के योगदान को याद करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी अलवर द्वारा 15 अगस्त 2025 को ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि प्रातः 9.15 बजे झंडारोहण कार्यक्रम, अम्बेडकर नगर, 200 फीट बाईपास अलवर स्थित नवनिर्मित जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह होंगें। कार्यक्रम में विधायक गण, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, उप जिला प्रमुख, नगर पालिका एवं नगर परिषद चेयरमैन, एआईसीसी सदस्य, पीसीसी पदाधिकारी व सदस्य, ब्लॉक अध्यक्ष, जिला कांग्रेस पदाधिकारी, जिला परिषद सदस्य, पार्षद, मंडल अध्यक्ष, पंचायत समिति सदस्य, कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगे।

### भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष से गूंजायमान हुआ जिले का वातावरण

**अलवर।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में जिले में आयोजित किया जा रहा 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत गुरूवार को तिरंगे के सम्मान में जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित हुई जिसमें विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन ने उमंग और उत्साह के साथ भाग लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष से जिले के वातावरण को गूंजायमान कर दिया। हर घर तिरंगा अभियान के कार्यक्रमों की श्रृंखला में जिला, उपखण्ड व ठाम पंचायत स्तर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें स्वतंत्राता सैनिक व सुरक्षा बलों के सेवानिवृत्त कार्मिक, शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया जाकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया तथा जिला मुख्यालय पर मिनी सचिवालय से प्रताप ऑडिटोरियम तक रंगोली कार्यक्रम व रैली का आयोजन हुआ। वहीं जिले के समस्त विद्यालयों, आंगनबाडी में कार्यकर्ता, सहयोगिनी, सहायिका द्वारा रंगोली कार्यक्रम एवं तिरंगा रैली आयोजित की गई। जिला मुख्यालय पर प्रताप ऑडिटोरियम में तिरंगा रंग में डेकोरेशन कर मेले एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 अगस्त को जिलेभर में आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां : हर घर तिरंगा अभियान के तहत 15 अगस्त को जिले के समस्त संस्थाओं के कार्मिक, स्थानीय स्वयं सहायता समूह, एनजीओ, भामाशाह, दानदाताओं व गणमान्य व्यक्तियों के साथ सूजल गांव शपथ का आयोजन होगा तथा जिले के निजी भवनों व सार्वजनिक स्थानों पर स्वतंत्राता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कार्यक्रम एवं तिरंगा शपथ का आयोजन होगा।

### कुलगुरू मनोज दीक्षित करेंगे ध्वजारोहण

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्थान पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर में 79 स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ध्वजारोहण कर सलामी देंगे एवं अपना उद्बोधन प्रस्तुत करेंगे। ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रातः 7:45 बजे वेटरनरी महाविद्यालय बीकानेर प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। गुरूवार को विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया।

### कपिल सरोवर में युवक का शव मिला

**कोलायत, (कासं)।** कपिल सरोवर में दो-तीन दिन पुराना एक युवक का शव मिला। मंगलवार से कपिल सरोवर पर तैनात हुई एसडीआरएफ ने बुधवार को बोट से सरोवर पर गश्त की। घाटों पर तैनात टीम ने पेट्रोलिंग बोट से सरोवर की गश्त कर रहे थे। उसी दौरान पंच मंदिर के पास घाट के करीब से गुजरे तो उन्हें वहां पर कोने में तैरते हुए कचरे में किसी व्यक्ति के पड़े होने की आशंका हुई। जब वह पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि किसी व्यक्ति की शव औंधे मुंह पड़ा है। उन्होंने तत्काल पुलिस थाना कोलायत में सूचना दी और पुलिस के पहुंचने के बाद में शव को बाहर निकाला। मृतक के कपड़े चैक किया तो उसके अंदर मोबाइल व कुछ कागजात मिले जिसके आधार पर उसकी शिनाख्त प्रताप सिंह पुत्र नारायण सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड 2 रामदेवरा तहसील पोखरण जिला जैसलमेर के रूप में हुई। पुलिस ने शव को कोलायत हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया है जहां गुरुवार को उनका पोस्टमार्टम होगा। पुलिस ने बताया कि प्रथमदृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव करीब दो-तीन दिन से पानी में पड़ा होने से के कारण फूल चुकी थी और मछलियों ने कई जगह से विक्षिप्त भी कर दिया था।

### खाते से 82 हजार रुपये उड़ाए

**बीकानेर, (कासं)।** जूनागढ़ सूरसागर के पास रहने वाली महिला शीला पुरोहित पत्नी कवि पुरोहित ऑनलाइन ठगी का शिकार हो गई है। 82 हज़ार रूपये उसके खाते से शातिरों ने फ्रॉड कर उड़ा लिए। दरअसल लोगों को इसका निशाना बनाया जा रहा है। ऑनलाइन धोखाधड़ी का जाल से बिछा लिया गया है। बदमाशों द्वारा परकोटे में कुछ मौजीज लोगों के नाम से उनके रिश्तेदारों को मांगलिक या अन्य कार्यक्रमों के निमंत्रण भेजे जा रहे हैं। जूनागढ़ के पास रहने वाली महिला के पास भी कुछ ऐसा ही मैसेज आया था। लेकिन निमंत्रण के बहाने उसका खाता खाली हो गया। जबकि शहर के मौजीज लोग, लोगों से सावधानी की अपील कर रहे है। सरकारी महकमे में अधिकारी रहे एक व्यक्ति व उनके रिश्तेदार कह रहे हैं कि उन्होंने किसी को निमंत्रण नहीं भेजा। कृपया सावधान रहें।